## कक्षा - तीन

### पाठ - 1 विनती

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्र०1 बालक किसकी विनती कर रहा है?
उ० बालक भगवान की विनती कर रहा है।

प्र०2 हम भगवान के क्या हैं?
उ० हम भगवान की संतान हैं।

प्र०3 सूरज, चाँद किसने बनाए हैं?
उ० सूरज, चाँद भगवान ने बनाए हैं।

प्र०4 बालक क्या बनना चाहता है?
उ० बालक ईमानदार, आज्ञापालक एवं सच्चा व्यक्ति बनना चाहता है।

प्र०5 बालक ने भगवान से क्या दान माँगा?
उ० बालक ने भगवान से विद्या का दान माँगा।

प्र०6 भगवान ने क्या - क्या बनाया है?
उ० भगवान ने सूरज, चाँद, धरती सागर, जीव आदि बनाए हैं।

कक्षा - तीन

Date __/__/____ पाठ - 2 लेखनी की आत्मकथा Page No.

प्रश्न 1 लेखनी का दम कब घुटने लगा?

उ० जब लेखनी को लाल, नीली, हरी स्याही मे डुबोया गया तो उसका दम घुटने लगा।

प्रश्न 2 मनुष्य ने कलम के पेट में क्या डाल दिया?

उ० मनुष्य ने रबड़ की थैली में स्याही भरकर कलम के पेट में डाल दिया।

प्रश्न 3 यदि कलम न होती तो क्या होता?

उ० यदि कलम न होती तो लेखन कार्य संभव न होता।

प्रश्न 4 कलम के कारण मानव की किस समस्या का समाधान हुआ है?

उ० कलम के कारण भूलने और रटने की समस्या का समाधान हुआ है।

प्रश्न 5 लेखनी मनुष्य के किस काम आती है?

उ० लेखनी मनुष्य के द्वारा उपन्यास, कहानियाँ, नाटक, निबंध लिखने, हस्ताक्षर करने एवं ड्राइंग आदि के काम आती है।

Date ___/___/______ Page No.: ______

प्रश्न 6 लेखनी को कब बहुत कष्ट हुआ?

उ० जब मुझे अपने मातृ पौधे से काटकर अलग कर दिया गया था, तब मुझे बहुत कष्ट हुआ था।

प्रश्न 7 लेखनी के प्रति मनुष्य कैसे अपना स्नेह जताता है?

उ० सभी बड़े ही स्नेह से अपने हाथ में पकड़ते हैं और कभी-कभी तो अपने गालो और होठों का स्पर्श भी कराते हैं। उस समय गर्व से मेरा सिर ऊँचा हो जाता है।

प्रश्न 8 लेखनी की क्या हार्दिक इच्छा है?

उ० मेरी यह हार्दिक इच्छा है कि संसार के सभी लोग मेरा प्रयोग करें।

CLASS :- III

## पाठ - 3 गुरु नानक देव जी

प्र०1 महापुरुषों ने क्या संदेश दिया है?
उ० महापुरुषों ने भाईचारे एवं एकता का संदेश दिया है।

प्र०2 सिक्खों के पहले गुरु कौन थे?
उ० सिक्खो के पहले गुरु गुरु नानक देव जी थे।

प्र०3 ननकाना साहब कहाँ है?
उ० ननकाना साहब पाकिस्तान में हैं।

प्र०4 गुरु नानक देव जी माता-पिता का नाम क्या था?
उ० गुरु नानक देव जी के माता-पिता का नाम कालूचंद बेदी और तृप्ता था।

प्र०5 गुरु नानक देव जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
उ० गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाहौर के निकट तलवंडी नामक ग्राम में हुआ था।

Date :
Page No :

प्र०6 गुरु नानक देव जी का स्वभाव कैसा था?

उ० गुरु नानक देव जी स्वभाव से मृदुल और शांत थे। वे भगवान के भजन और ध्यान में लगे रहते थे।

प्र०7 गुरु नानक देव जी को नौकरी करने क्यों भेजा गया?

उ० जब नानक देव जी कुछ बड़े हुए, तो उनके पिता ने उनसे खेती की देखभाल करने के लिए कहा। वे खेत पर गए मगर वहाँ भी एकांत पाकर परमात्मा के भजन में लग गए। यह देखकर इनके पिता ने इन्हें खेत पर जाने से रोक दिया और उन्हें नौकरी करने के लिए कहा।

प्र०8 गुरु नानक देव जी ने पिता द्वारा दिए गए पैसों का क्या किया?

उ० मार्ग में साधुओं की एक टोली मिली जो तीन दिनो से भूखी थी। उन्होंने सारे रुपये साधुओं को खिलाने - पिलाने में खर्च कर दिए और खाली हाथ लौट आए।

CLASS :- III

# पाठ — ५ क्रिकेट

*———*———*———*

प्र०१ एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
उ० एक टीम में ग्यारह खिलाड़ी होते हैं।

प्र०२ क्रिकेट के मैच में अंपायर का क्या कार्य है?
उ० क्रिकेट के मैच में अंपायर खेल का निर्णय करता है।

प्र०३ खेल का निर्णायक कौन होता है?
उ० खेल का निर्णायक अंपायर होता है।

प्र०४ पिच किसे कहते हैं?
उ० मैदान के मध्य एक चौड़ी पट्टी जिसके दोनों छोर पर विकेट गड़े रहते हैं, वह पिच कहलाती है।

प्र०५ आजकल कौन-सा खेल बहुत लोकप्रिय हो गया है? इसके बारे में पाँच वाक्य लिखिए।
उ० आजकल क्रिकेट का खेल बहुत लोकप्रिय हो गया है। इस खेल में निम्न बातें याद रखी जाती हैं –

1. ग्यारह खिलाड़ी प्रत्येक टीम में होते हैं।
2. एक विकेटकीपर होता है।
3. दो अंपायर होते हैं।

Date __/__/__

4. तीन डंडो के दो सेट विकेट होते हैं।
5. अंपायर निर्णय लेता है।

प्र०6 खिलाड़ी कब आउट होता है?
उ० यदि गेंदबाज द्वारा फेंकी गई गेंद विकेट पर आ लगे तब खिलाड़ी आउट हो जाता है। साथ ही यदि गेंद फील्डर्स के हाथों कैच हो जाती है तो भी खिलाड़ी आउट हो जाता है।

प्र०7 रन आउट क्या होता है?
उ० यदि विकेट के बीच रन के लिए दौड़ते समय फील्डर्स द्वारा फेंकी गई गेंद विकेट पर लग जाती है और खिलाड़ी अपनी क्रीज तक नही पहुंच पाता है तो वह रन आउट हो जाता है।

प्र०8 हमारे देश के पाँच क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम लिखिए।
उ० सुनील गावास्कर, कपिलदेव, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड, सौरभ गांगुली।

प्र०9 जीत किस नियम पर आधारित होती है?
उ० जीत दो प्रकार से होती है। पहली टीम

Date ___/___/______ Page No.: ______

के सभी खिलाड़ी मिलकर निर्धारित ओवरों की समाप्ति तक जितने रन बना लेते हैं, उससे एक रन अधिक दूसरी टीम को बनाना पड़ता है। यदि दूसरी टीम के सभी खिलाड़ी बीच में ही आउट हो जाते हैं और पूरे रन नहीं बना पाते हैं तो पहली टीम को विजयी घोषित कर दिया जाता है। कभी-कभी निर्धारित सभी ओवरों को खेलने के बाद भी यदि दूसरी टीम खिलाड़ी लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते हैं। तो उन्हें पराजित घोषित कर दिया जाता है।

CLASS : III

Date : / /
Page No.

## पाठ- 5 घर और संसार

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) चिड़िया के घर का आकार कैसा था?

उ० चिड़िया के घर का आकार अंडे जैसा था।

(ख) चिड़िया का घोंसला किससे बना है?

उ० चिड़िया का घोंसला तिनको से बना है।

(ग) शाखाएँ कैसी थी?

उ० शाखाएँ सुकुमार थी।

(घ) इस कविता के रचयिता कौन हैं?

उ० इस कविता के रचयिता निरंकार देव 'सेवक' हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए -

(क) चिड़िया कहाँ निकल गई?

उ० चिड़िया पेड़ो की हरी-भरी शाखाओं पर निकल गई।

Date :
Page No :

(ख) चिड़िया अपना संसार किसे मानती है?

उ० चिड़िया अपने अंडो को, घोंसले की और पेड़ की हरी - भरी शाखाओं को ही अपना संसार मानती थी

(ग) चिड़िया जब पंख पसार कर उड़ी तब उसे क्या समझ आया?

उ० चिड़िया जब पंख पसार कर आसमान में उड़ी तब उसे समझ में आया कि संसार बहुत बड़ा है।

Page No.: ______

Date ___/___/______

CLASS :- III

# पाठ -6 भागीरथी गंगा

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) गंगा को क्या कहा जाता है?
उ० गंगा को हिमालय की पुत्री कहा जाता है।

(ख) भगीरथ किस वंश में पैदा हुए थे?
उ० भगीरथ राजा सगर के वंश में पैदा हुए थे।

(ग) राजा सगर के कितने पुत्र थे?
उ० राजा सगर के साठ हजार पुत्र थे।

(घ) सगर के पुत्रों को किसने जला कर भस्म किया?
उ० सगर के पुत्रों को कपिल मुनि ने जलाकर भस्म किया।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए -

(क) गंगा को पृथ्वी पर कौन लाया?
उ० गंगा को पृथ्वी पर भगीरथ ले आए।

"Failure comes only when we forget our ideals and objectives and principles." —Jawaharlal Nehru

(ख) सूर्यवंशी राजा सगर कैसे राजा थे?

उ० सूर्यवंशी राजा सगर बहुत ही बलशाली, धर्मात्मा, गुणवान और बुद्धिमान राजा थे।

(ग) सगर के पुत्रों को जब यज्ञ का घोड़ा नहीं मिला, तब उन्होंने क्या किया?

उ० सगर के पुत्रों को जब यज्ञ का घोड़ा नहीं मिला, तब उन्होंने क्रोधित होकर पृथ्वी खोदकर पाताल पहुँच गए। वहाँ उन्होंने महात्मा कपिल को देखा। वहीं उनके आश्रम में घोड़ा बँधा हुआ था।

(घ) गंगा की जलधारा से स्पर्श पाते ही सगर के पुत्र कहाँ चले गए?

उ० जब गंगा की जलधारा ने सगर के पुत्रों की भस्म को स्पर्श किया तो वे सभी बैकुंठधाम को चले गए।

(ङ) भगीरथी ने कठिन तपस्या क्यों की थी?

उ० भगीरथ ने अपने पितरों के उद्धार के लिए कठिन तपस्या की।

Date __/__/__ CLASS :- III Page No.:

# पाठ - 7 सफेद हंस

*——*——*——*

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए –

(क) सोहनलाल गोपालदास की हालत देखकर क्या समझ गया ?

उ० सोहनलाल, गोपालदास की हालत देखकर समझ गया कि यह सब गोपालदास के आलसी स्वभाव का परिणाम है।

(ख) गोपालदास ने खलिहान में जाकर क्या देखा ?

उ० गोपालदास ने खलिहान मे जाकर देखा कि एक आदमी उसके ढेर से गेहूं अपने ढेर में डाल रहा है।

(ग) दूधवाला क्या कर रहा था ?

उ० दूधवाला दूध दुहकर अपनी स्त्री को दे रहा था।

Date ___/___/______

Page No.: ________

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए –

(क) सोहनलाल ने दरिद्रता दूर करने का क्या उपाय बताया ?

उ० सोहनलाल ने दरिद्रता दूर करने का उपाय बताया – "सब पक्षियों के जागने से पहले ही मानसरोवर पर रहने वाला एक सफेद हंस पृथ्वी पर आता और दिन चढ़ने पर दोपहर में लौट जाता है मैं नही जानता कि वह कब, कहाँ आएगा किंतु जो उसका दर्शन कर लेता है, उसको कभी किसी बात की कमी नही होती।"

(ख) गोपालदास रोज सवेरे कहाँ जाने लगा?

उ० गोपालदास रोज सवेरे हंस की खोज में खलिहान, गोशाला और खेतों पर जाने लगा।

(ग) गोपालदास के रोज सवेरे खेत, खलिहान और गोशाला जाने का क्या परिणाम हुआ ?

उ० गोपालदास के रोज सवेरे खेत, खलिहान और गोशाला जाने से उसके खलिहान में गेहूं की चोरी, दूध की चोरी और

खेत पर मजदूरों की कामचोरी रुक गई। इस प्रकार उसे काफी फायदा हुआ

(घ) दूसरी बार सोहन लाल ने अपने मित्र से क्या कहा?

उ० दूसरी बार सोहन लाल ने अपने मित्र से कहा – परिश्रम करना ही वह सफेद हंस है। परिश्रम के पंख सदा सफेद होते हैं, जो परिश्रम नही करता और अपना काम नौकरो पर छोड देता है वह हानि व विपत्ति उठाता है और जो अपना काम स्वयं करता है वह संपत्ति व सम्मान पाता है।

Date __/__/____ Page No.: ______

CLASS :- III

# पाठ - 8 नोबेल पुरस्कार विजेता 'कैलाश सत्यार्थी'

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) कैलाश सत्यार्थी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

उ० कैलाश सत्यार्थी का जन्म 11 जनवरी, सन 1954 को विदिशा, मध्य प्रदेश में हुआ था।

(ख) इनके माता - पिता का क्या नाम था ?

उ० इनकी माता का नाम श्रीमती चिरौंजी बाई शर्मा और पिता का नाम श्री राम प्रसाद शर्मा था।

(ग) सत्यार्थी जी की दिनचर्या क्या थी ?

उ० निर्बल, पीड़ित और बेसहारा जीवन जीने वालों को अपना बनाना और उनकी सहायता करना सत्यार्थी जी की दिनचर्या बन गई।

(घ) वह गरीब बच्चों की मदद किस प्रकार करते थे ?

उ० वह पुस्तकें एकत्र कर उन्हें गरीब छात्रों बाँट देते थे।

(ङ) सत्यार्थी जी ने अपने आंदोलन को किसके साथ जोड़ा ?

उ० सत्यार्थी जी ने अपने आंदोलन को 'सबके लिए शिक्षा' अभियान से जोड़ा।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए –

(क) इन्होंने अपना नाम कैलाश सत्यार्थी क्यों रख लिया ?

उ० बचपन में कैलाश सत्यार्थी आर्य समाज के मंदिर में जाकर बड़ी रुचि से सत्यार्थ प्रकाश पढ़ते थे, जिससे उन पर स्वामी दयानंद का बहुत प्रभाव पड़ा। अत: उन्होंने अपना नाम कैलाश सत्यार्थी रख लिया।

(ख) इन्होंने समाज सेवा के लिए क्या कदम उठाया ?

उ० वह समाज सेवा के लिए कृतसंकल्प थे इसलिए दिल्ली आकर इन्होंने 'संघर्ष जारी रहेगा' नामक पत्र निकाला। बालश्रम के खिलाफ अपने आंदोलन को 'सबके लिए शिक्षा' अभियान से भी जोड़ा और इसके लिए यूनेस्को द्वारा चलाए गए कार्यक्रम से भी

Date __/__/__ Page No.: ______

जुड़े। 'ग्लोबल पार्टनरशिप फॉर एजुकेशन' के बोर्ड में भी शामिल रहे।

(ग) इनको किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

उ० श्री कैलाश सत्यार्थी जी को शांति नोबेल पुरस्कार 2014 से सम्मानित किया गया।

"If you judge people, you have no time to love them." –Mother Teresa

Date ___/___/______ Page No.: ________

CLASS: III

## पाठ - 9 वरदराज

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) वरदराज उसी कक्षा में क्यों रह गया था?
उ० वरदराज उसी कक्षा में इसलिए रह गया क्योंकि उसका मन पढाई में नही लगता था।

(ख) वरदराज ने पढाई - लिखाई न करने के बारे में क्यों सोचा?
उ० क्योंकि उसे कुछ न समझ आता था और न याद हो पाता था।

(ग) पानी पीते समय वरदराज ने क्या देखा?
उ० पानी पीते समय बरदराज ने देखा कि कुएं की जगत के पत्थरों पर गहरे निशान पड़े हुए हैं।

(घ) वरदराज पानी पीने कहां गया था?
उ० वरदराज पानी पीने कुएं पर गया था।

(ङ) पाठ से क्या शिक्षा मिलती है?
उ० मेहनत और परिश्रम से कोई भी कार्य संपन्न किया जा सकता है।

"If you judge people, you have no time to love them." –Mother Teresa

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए -

(क) पानी पिलाने वाली औरत ने पत्थर घिसने का क्या कारण बताया ?

उ० औरत ने बताया -"बेटे कुएं से पानी निकालने के लिए रस्सी बार-बार पत्थरों से रगड़ खाती है इसलिए पत्थर घिस गए हैं।"

(ख) पत्थर बेडौल क्यों हो गए थे ?

उ० रस्सी की बार-बार रगड़ के कारण कुछ पत्थर बेडौल हो गए थे।

(ग) औरत की बात समझ आने पर वरदराज ने क्या निश्चय किया ?

उ० वरदराज ने निश्चय किया -"एक मुलायम रस्सी कठोर पत्थर पर निशान बना सकती है, तो क्या मैं पढ़ाई नहीं कर सकता हूं ? मैं भी बार-बार अपना पाठ दोहरा कर कक्षा में उत्तीर्ण होकर दिखलाऊँगा।"

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-

तूने सूरज चाँद बनाए,

धरती सागर जीव बनाए।

सबके पालक दयानिधान,

विनती करते हम भगवान।

सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए-

(क) हम अपने माता-पिता की संतान हैं। ✓

(ख) भगवान ने सूरज, चाँद, धरती, सागर आदि बनाए हैं। ✓

(ग) बालक ईमानदार व आज्ञापालक बनना चाहते हैं। ✓

(घ) हम बालक अनजान नहीं हैं। ✗

## भाषा-बोध

नीचे दिए गए शब्दों को समझिए और लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| करता | - करते | अच्छा | - अच्छे |
| सच्चा | - सच्चे | बनाता | - बनते |

दिए गए शब्दों के समानार्थक शब्द बॉक्स में से ढूँढ़कर लिखिए-

आदेश ज़मीन
चंद्रमा प्रार्थना

विनती - प्रार्थना

धरती - जमीन

चाँद - चंद्रमा

आज्ञा - आदेश

दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर उचित मात्रा लगाइए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सरज | - सूरज | वनती | - विनती |
| जव | - जीव | प्रसद्ध | - प्रसिद्ध |
| महन | - महान | दन | - दान |

4. कविता में से ढूँढ़कर तुकवाले शब्द लिखिए-

भगवान - संतान

महान - भगवान

निधान - अनजान

ज्ञान - दान

5. कविता में आए नाम वाले शब्द लिखिए-

सूरज चाँद पृथ्वी सागर

## पाठ से आगे

1. ईश्वर द्वारा बनाई गई पाँच चीज़ों के नाम लिखकर उनके बारे में एक पंक्ति लिखिए-

(क) सूरज - सूरज हमें प्रकाश व गरमी देता है।

(ख) चाँद - रात के समय आकाश में चाँद दिखाई देता

(ग) सागर - सागर में बड़ी - बड़ी मछलियाँ एवं जीव रहते

(घ) धरती - धरती हमारा पालन - पोषण करती है।

(ङ) भगवान - भगवान ने हमें जीवन दिया है।

2. अपने मनपसंद फलदार पेड़ का चित्र बनाकर उसमें रंग भी भरिए-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) लेखनी मनुष्य के किस काम आती है?

(ख) लेखनी को कब बहुत कष्ट हुआ?

(ग) मनुष्य लेखनी के प्रति कैसे अपना स्नेह जताता है?

(घ) लेखनी की क्या हार्दिक इच्छा है?

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) अंग्रेज़ों ने मेरा नाम पेन रख दिया।

(ख) सुविधानुसार मनुष्य ने मेरा स्वरूप खूब बदला।

(ग) मैं मूर्खजनों की संगति कभी नहीं करती।

(घ) भारतवर्ष में आज भी कुछ लोग मुझसे अपरिचित हैं।

नीचे लिखे वाक्य पढ़िए, अशुद्धियाँ पहचानिए और उन्हें शुद्ध करके लिखिए-

(क) मैं देखने में बड़ी ज़रूर हूँ लेकिन मेरा काम बहुत बड़ा है।

मैं देखने में छोटी जरूर हूँ लेकिन मेरा काम बहुत बड़ा है

(ख) मैंने बहुत सुख सहन किया।

मैंने बहुत दुख सहन किया।

(ग) मैं मनुष्यों के लिए अपना शरीर घिसता रहता हूँ।

मैं मनुष्यों के लिए अपना शरीर घिसती रहती हूँ।

(घ) सब जगह मेरा सम्मान होती है।

सब जगह मेरा सम्मान होता है।

## भाषा-बोध

1. बच्चो! क्या आप जानते हैं कि उच्चारण में अंतर आने पर अर्थ भी बदल जाता है। जैसे-

बाल - सिर का बाल

बॉल - गेंद

हाल - जल्दी

हॉल - बड़ा कमरा

**2.** रेखा खींचकर सही जोड़े बनाइए-

| | |
|---|---|
| 1 स्वार्थी | जीवन 4 |
| 2 हार्दिक | स्याही 3 |
| 3 नीली | मनुष्य 1 |
| 4 समर्पित | इच्छा 2 |

**3.** दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| मनुष्य | - | मानव | आदमी |
| हाथ | - | कर | हस्त |
| कष्ट | - | दुख | वेदना |
| इच्छा | - | कामना | अभिलाषा |

| | |
|---|---|
| मानव | वेदना |
| दुख | हस्त |
| आदमी | कर |
| कामना | अभिलाषा |

## पाठ से आगे

**1.** जब कोई अपने बारे में बताता है, तो उसे क्या कहते हैं?

**2.** लेखनी की तरह अपना परिचय लिखिए-

**3.** अपना पेंसिल बॉक्स बनाकर उसके बारे में लिखिए-

क

लिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

महापुरुषों ने क्या संदेश दिया है?

सिक्खों के पहले गुरु कौन थे?

ननकाना साहब कहाँ है?

गुरु नानक देव जी के माता-पिता का नाम क्या था?

त

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) गुरु नानक देव जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ख) गुरु नानक देव जी का स्वभाव कैसा था?

(ग) गुरु नानक देव जी को नौकरी करने क्यों भेजा गया?

(घ) गुरु नानक देव जी ने पिता द्वारा दिए गए पैसों का क्या किया?

सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए-

(क) गुरु नानक देव जी की माता शांत स्वभाव की थीं। ✓

(ख) गुरु नानक देव जी बचपन से ही शैतान स्वभाव के थे। ✗

(ग) गुरु नानक देव जी को नौकरी करने क्यों भेजा गया? ✓

(घ) गुरु नानक देव जी हमेशा परमात्मा का भजन करते रहते थे। ✓

निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-

निकट - गुरु नानक देव जी का जन्म लाहौर के निकट तलवंडी गांव में हुआ

प्रभाव - नानक जी पर उनकी माता का विशेष प्रभाव था।

एकता - एकता में बल है।

पुत्र - गुरुनानक देव जी के दो पुत्र हुए।

1. किसी काम को करने वाले को कर्ता कहते हैं। नीचे लिखे वाक्यों को पढ़िए और समझिए कि इनमें काम करने वाला कौन है?

(क) गुरु नानक देव जी सारे पैसे साधुओं में बाँट देते थे। (गुरु नानक देव जी)

(ख) पिता ने पैसे देकर लाहौर भेजा। पिता ने

(ग) पत्नी ने उन्हें बहुत समझाया। पत्नी ने

(घ) मरदाना उनका चेला बन गया। मरदाना

2. दिए गए वाक्यों में विराम चिह्न लगाइए-

(क) वह अब ननकाना साहिब कहलाता है।

(ख) इनकी माँ मृदुल स्वभाव की थीं।

(ग) वे दीन-दुखियों की सेवा करते थे।

(घ) धीरे-धीरे वे गुरु नानक के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

(ङ) वे उपदेश देते-"ईश्वर एक है।"

3. रेखांकित शब्दों के उलटे अर्थ लिखकर वाक्य पुनः लिखिए-

(क) वे सदा दूसरों की भलाई करते थे। वे सदा दूसरों की बुराई करते

(ख) एक व्यक्ति को अपना शिष्य बनाया। एक व्यक्ति को अपना गुरु बनाया

(ग) वे खाली हाथ लौट आए। वे भरे हाथ लौट आए।

(घ) पिता बहुत क्रोधित हुए। पिता बहुत खुश हुए।

(ङ) माता बहुत शांत स्वभाव की थीं। माता बहुत उग्र स्वभाव की थीं

4. वर्णों को अलग-अलग करके लिखिए-

नौकरी = न् + औ + क् + अ + र् + ई

खेती = ख् + अ + त् + ई

एकांत = ए + क् + आ + अं + त् + अ

कठिनाई = क् + अ + ठ् + इ + न् + आ + ई

पैदा = प् + ऐ + द् + आ

(घ) हमारे देश के पाँच क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम लिखिए।
(ङ) जीत किस नियम पर आधारित होती है?

2. रेखा खींचकर सही जोड़े मिलाइए-

| | |
|---|---|
| (क) क्रिकेट के खेल में गेंदबाज़ गेंद फेंकता है | (अ) ग्यारह-ग्यारह खिलाड़ियों की दो टीमें होती हैं। (घ) |
| (ख) सचिन तेंदुलकर एवं राहुल द्रविड़ जैसे खिलाड़ियों ने | (ब) तो छक्का (छह रन) हो जाता है। (ग) |
| (ग) यदि गेंद सीमा रेखा को हवा में ही पार कर जाती है | (स) और बल्लेबाज़ गेंद को बैट से मारता है। (क) |
| (घ) क्रिकेट के खेल में | (द) एकदिवसीय मैचों में कई हज़ार रन बनाए हैं। (ख) |

3. उन शब्दों के ऊपर गोला ◯ बनाइए जो पाठ में नहीं आए हैं-

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रिकेट | टेलिविज़न | विकेटकीपर | अध्यापक |
| आउट | गेंद | फ़ुटबॉल | लोकप्रिय |
| कमेंट्री | रेडियो | शानदार | टेनिस |
| कुश्ती | पट्टीदार | फ़ील्डिंग | पिच |

4. सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) क्रिकेट मैच देखा जा सकता है- | (अ) रेडियो पर | ☐ | (ब) टेलिविज़न पर |
| (ख) स्टंप (डंडे) को कहते हैं- | (अ) विकेट | ☑ | (ब) अंपायर |
| (ग) सौ रनों को कहते हैं- | (अ) शतक | ☑ | (ब) अर्धशतक |

## भाषा-बोध

1. नीचे लिखे वाक्यों को पढ़िए-

(क) क्रिकेट का खेल बड़ा शानदार होता है।
(ख) तुम कहाँ से आ रहे हो?

बच्चो! आप इन वाक्यों के अंत में चिह्न लगा देख रहे हैं, ये विराम-चिह्न हैं।

जो चिह्न वाक्य में कुछ रुकने, विश्राम लेने का संकेत करते हैं, विराम-चिह्न कहलाते हैं।

- पूर्ण विराम (।) वाक्य समाप्त होने पर लगाते हैं।
- प्रश्नसूचक चिह्न (?) प्रश्न पूछने पर वाक्य के अंत में लगाते हैं।

दिए गए वाक्यों में विराम चिह्न लगाइए-

(क) एक राजा के तीन बेटे थे ।

(ख) राजा किसकी परीक्षा लेना चाहता था ?

(ग) महल में हाथी घोड़े, सैनिक थे ।

(घ) राजा ने कहा, "तुम भी अपना महल दिखाओ ।"

**2.** एकवचन और बहुवचन शब्द मिल गए हैं, उन्हें उचित स्थान पर लिखिए-

खेलों ओवरों रन लड़के रेडियो मैच खिलाड़ी अंपायरों टीमें मैदान

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| रन | खेलों |
| रेडियो | लड़के |
| मैदान | ओवरों |
| खिलाड़ी | अंपायरों |
| मैच | टीमें |

**3.** दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-

हाथ - हस्त विश्व - संसार

हवा - वायु प्रसिद्ध - मशहूर

**4.** दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

दोस्त × दुश्मन मज़ेदार × बेकार

बड़ा × छोटा विजय × पराजय

पतली × मोटी अच्छा × बुरा

## पाठ से आगे

1. वर्ग पहेली में दिए गए खेलों के नाम की एक सूची बनाइए-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ग | ख | स | ल | वा |
| क | हॉं | की | टे | ली |
| कु | अ | च | नि | बॉ |
| श | ग | त | स | ल |
| ती | फु | ट | बॉ | ल |
| क्रि | के | ट | म | फु |

हॉकी
कुश्ती
क्रिकेट
वालीबॉल
फुटबाल
टेनिस

2. आपका प्रिय खेल कौन-सा है? उसपर पाँच वाक्य लिखिए-

3. नीचे दिए गए चित्र में रंग भरिए-



(ग) शाखाएँ कैसी थीं?

(घ) इस कविता के रचयिता कौन हैं?

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) चिड़िया कहाँ निकल गई?

(ख) चिड़िया अपना संसार किसे मानती है?

(ग) चिड़िया जब पंख पसार कर उड़ी तब उसे क्या समझ आया?

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-

फिर मेरा घर बना घोंसला,

सूखे तिनकों तैयार ।

3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य प्रयोग कीजिए-

घोंसला - चिड़िया घोंसले में रहती है।

तिनका - चिड़िया सूखे तिनकों से घोंसला बनाती है।

## भाषा-बोध

1. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

संसार - विश्व दुनिया

घर - आलय भवन

आसमान - आकाश गगन

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

सूखी × गीली आकाश × पाताल

बड़ा × छोटा पहला × आखिरी

3. दिए गए शब्द वर्णमाला के अनुसार क्रम से लगाइए-

घर, आकार, दूर, शाखा, संसार, तिनका, हरी, इतना, अंडे, उड़ी

अंडे, आकार, इतना, उड़ी, घर, तिनका, दूर शाखा, संसार, हरी

4. दिए गए शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए-

इतना = इ + त् + अ + न् + आ

सुकुमार = स् + उ + क् + उ + म् + आ + र् + अ

आखिर = आ + ख् + इ + र् + अ

उड़ी = उ + ड़् + ई

5. कविता के कुछ शब्द इस वर्ग-पहेली में छिपे हैं, उन्हें ढूँढ़कर लिखिए-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | च | म | आ | त |
| प | शा | खा | का | व |
| र | ह | त | र | ना |
| ट | सं | या | इ | प |
| प | सा | र | घ | र |

शाखा

घर

पसार

आकार

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) गंगा को पृथ्वी पर कौन लाया?

(ख) सूर्यवंशी राजा सगर कैसे राजा थे?

(ग) सगर के पुत्रों को जब यज्ञ का घोड़ा नहीं मिला, तब उन्होंने क्या किया?

(घ) गंगा की जलधारा से स्पर्श पाते ही सगर के पुत्र कहाँ चले गए?

(ङ) भगीरथी ने कठिन तपस्या क्यों की थी?

2. दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरिए-

ज्वाला, भागीरथी, अंशुमान, अश्वमेध यज्ञ, बैकुंठधाम

(क) अंशुमान कपिल मुनि का आशीर्वाद प्राप्त करके घोड़ा लेकर राजधानी वापस आ...

(ख) मुनि के नेत्रों से ज्वाला निकली।

(ग) गंगा को हम भागीरथी भी कहते हैं।

(घ) राजा सगर ने अश्वमेध का आयोजन किया।

(ङ) सभी पुत्र बैकुंठधाम को चले गए।

3. सही वर्ण और मात्रा लगाकर शब्दों को पूरा कीजिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प त्र | - | पात्र | आ ीव द | - | आशीर्वाद |
| य ग्य | - | योग्य | तप या | - | तपस्या |
| न ट | - | नष्ट | प्रस | - | प्रसन्न |

## भाषा-बोध

1. समान अर्थवाले शब्दों का मिलान कीजिए-

| | |
|---|---|
| 1 पृथ्वी | खुश 3 |
| 2 आज्ञा | हारा हुआ 4 |
| 3 प्रसन्न | धरती 1 |
| 4 पराजित | आदेश 2 |

जो शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, वे पुल्लिंग कहलाते हैं।

जैसे- राम, बालक आदि।

जो शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

जैसे- मैना, अध्यापिका आदि।

नीचे लिखे शब्दों के सामने लिखिए कि वे स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पुत्र | - | पुल्लिंग | भगीरथ | - | पुल्लिंग |
| गंगा | - | स्त्रीलिंग | भगवान | - | पुल्लिंग |
| पृथ्वी | - | स्त्रीलिंग | यज्ञ | - | पुल्लिंग |

. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आकाश | × | पाताल | शत्रु | × | मित्र |
| क्रोध | × | शांत | शांत | × | अशांत |

## ठ से आगे

. नदियों से हमें क्या-क्या लाभ होते हैं? पाँच पंक्तियाँ लिखिए-

. गंगा को स्वच्छ रखने के लिए आप क्या-क्या प्रयास करेंगे? अपने विचार लिखिए-

श्रुतलेख- दरिद्र, देखभाल, परिणाम, उत्सुकता, अवश्य, दर्शन, खलिहान, लज्जित, हिदायत, सपाल

# अभ्यास बोध

## मौखिक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

(क) सोहनलाल, गोपालदास की हालत देखकर क्या समझ गया?

(ख) गोपालदास ने खलिहान में जाकर क्या देखा?

(ग) दूधवाला क्या कर रहा था?

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) सोहनलाल ने दरिद्रता दूर करने का क्या उपाय बताया?

(ख) गोपालदास रोज़ सवेरे कहाँ जाने लगा?

(ग) गोपालदास के रोज़ सवेरे खेत, खलिहान और गोशाला जाने का क्या परिणाम हुआ?

(घ) दूसरी बार ~~गोपालदास~~ सोहनलाल ने अपने मित्र से क्या कहा?

2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-

किसान - गोपालदास एक धनी किसान था।

नौकर - गोपालदास हमेशा नौकरों के सहारे रहता था

दरिद्र - आलसी स्वभाव दरिद्रता की निशानी है।

उपाय - गोपालदास के मित्र ने उसे एक उपाय बताया

3. निम्नलिखित कथन किसने-किससे कहा?

| | | किसने | किससे |
|---|---|---|---|
| (क) | "तुम्हारी विपत्ति देखकर मुझे दुख हो रहा है।" | सोहनलाल ने | गोपालदास |
| (ख) | "मैं उसे अवश्य करूँगा।" | गोपालदास ने | सोहनलाल |
| (ग) | "सफ़ेद हंस तो मुझे अब तक नहीं दिखा।" | गोपालदास ने | सोहनलाल |
| (घ) | "परिश्रम करना ही सफ़ेद हंस है।" | सोहनलाल ने | गोपालदास |

. निम्नलिखित वाक्यों को कहानी के आधार पर सही क्रम के अनुसार बॉक्स में लिखिए-

(क) वह समझ गया कि यह सब गोपालदास के आलसी स्वभाव का परिणाम है। [ख]

(ख) यह सुनकर गोपालदास खुश हो गया। [घ]

(ग) गोपालदास एक धनी किसान था। [क]

(घ) एक सफ़ेद हंस पृथ्वी पर आता है। [ग]

(ङ) धीरे-धीरे सभी नौकर ठीक से काम करने लगे। [ङ]

## भाषा-बोध

1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके गद्यांश पुनः लिखिए-

गोपालदास बहुत ही आलसी था। गोपालदास आलसीपन के कारण दरिद्र बनता जा रहा था। गोपालदास अपने घर के सामान की देखभाल नहीं करता था। एक दिन गोपालदास का मित्र सोहनलाल गोपालदास के घर आया।

वह बहुत ही आलसी था। वह आलसीपन के कारण दरिद्र बनता जा रहा था। वह घर के सामान की देखभाल नहीं करता था। एक दिन उसका मित्र सोहनलाल उसके घर आया।

2. जो शब्द किसी चीज़ या पदार्थ की अवस्था, दशा या भाव का बोध कराते हैं, उन शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दोस्त | - | दोस्ती | आलस | - | आलसी |
| मित्र | - | मित्रता | दरिद्र | - | दरिद्रता |

3. अशुद्ध रूप से लिखे गए शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खलीहान | - | खलिहान | हानी | - | हानि |
| उतसुकता | - | उत्सुकता | विपतति | - | विपत्ति |
| सममान | - | सम्मान | गशोली | - | गौशाला |
| परणाम | - | परिणाम | कपा | - | कृपा |

4. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए-

भैंस - भैंसें

खुशी - खुशियाँ

खोज - खोजें

विपत्ति - विपत्तियाँ

5. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

पृथ्वी - धरा भूमि

दूध - दुग्ध पय

गाय - गऊ गौ

## पाठ से आगे

1. दिए गए चित्रों को पहचानकर उनके नीचे उनके नाम लिखिए-



शिक्षक



किसान



दूधवाला



मकान बनाने वाला मिस्त्री



सैनिक



धोबी

2. हमें परिश्रम क्यों करना चाहिए? इसपर कक्षा में चर्चा कीजिए।

(ग) सत्यार्थी जी की दिनचर्या क्या थी?

(घ) वह गरीब बच्चों की मदद किस प्रकार करते थे?

(ङ) सत्यार्थी जी ने अपने आंदोलन को किसके साथ जोड़ा?

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) इन्होंने अपना नाम कैलाश सत्यार्थी क्यों रख लिया?

(ख) इन्होंने समाज सेवा के लिए क्या कदम उठाया?

(ग) इनको किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) कैलाश जी की माता का नाम श्रीमती चिरौंजी बाई और पिता का नाम श्रीराम प्रसाद शर्मा था।

(ख) इनपर स्वामी दयानंद का बहुत प्रभाव पड़ा।

(ग) ये छुआछूत विरोधी अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

(घ) सत्यार्थी जी बचपन से ही लेखन में रुचि रखते थे।

(ङ) इनको शांति नोबेल पुरस्कार 2014 से सम्मानित किया गया है।

निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-

बचपन - बचपन से ही सत्यार्थी जी गरीब बच्चो की सहायता करते थे

अभियान - सत्यार्थी जी ने बालश्रम को सर्वशिक्षा अभियान से जोड़ा।

संस्कार - सत्यार्थी जी गरीब बच्चो का यह संस्कार चंदा इकट्ठा करके करते थे।

## -बोध

दिए गए शब्दों को बहुवचन में बदलिए-

संतान - संतानें

बच्चा - बच्चे

रोटी - रोटियाँ

उम्मीद - उम्मीदें

पुस्तक - पुस्तकें

लड़की - लड़कियाँ

दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

जन्म × मृत्यु
प्रकाश × अंधकार
निर्बल × सबल
गरीब × अमीर
शांति × अशांति
शिक्षा × अशिक्षा
मित्र × शत्रु
पुरस्कार × दंड

कोष्ठक में दिए गए शब्दों से प्रश्नवाचक वाक्य बनाकर प्रश्नवाचक चिह्न (?) लगाइए-

(क) श्री कैलाश सत्यार्थी का जन्म 11 जनवरी, सन् 1954 को हुआ। (कब)
श्री कैलाश सत्यार्थी का जन्म कब हुआ था?

(ख) इनकी माता का नाम श्रीमती चिरौंजी बाई शर्मा था। (क्या)
इनकी माता का क्या नाम था?

(ग) सुमेधा कैलाश सत्यार्थी की पत्नी है। (कौन)
कैलाश सत्यार्थी की पत्नी कौन है?

(घ) ये गरीब की लड़की की शादी में स्वयंसेवी बन जाते थे। (किसकी)
ये किसकी शादी में स्वयंसेवी बन जाते थे?

(ङ) इन्हें शांति नोबेल पुरस्कार 2014 से सम्मानित किया गया है। (किससे)
इन्हें किससे सम्मानित किया गया है?

(च) कैलाश सत्यार्थी का जन्म विदिशा, मध्य प्रदेश में हुआ था। (कहाँ)
कैलाश सत्यार्थी का जन्म कहाँ हुआ था?

दिए गए शब्दों का प्रयोग करके नए शब्द बनाइए-

सु कु अ बे वि

मार्ग - सुमार्ग
देश - विदेश
प्रभाव - कुप्रभाव
रुचि - अरुचि
...चक - बेढ़चक

## लिखित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-**

(क) पानी पिलाने वाली औरत ने पत्थर घिसने का क्या कारण बताया?

(ख) पत्थर बेडौल क्यों हो गए थे?

(ग) औरत की बात समझ आने पर वरदराज ने क्या निश्चिय किया?

**2. कहानी के आधार पर सही क्रम बॉक्स में लिखिए-**

(क) रस्सी के रगड़ खाने से पत्थर घिस गए हैं। [ङ]

(ख) धीरे-धीरे उसका मन पढ़ाई से हटने लगा। [ग]

(ग) उसके अध्यापक बार-बार समझाते रहे। [ख]

(घ) उसने एक औरत से पानी माँगा। [घ]

(ङ) बालक विद्यालय में पढ़ता था। [क]

**3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-**

बालक - बालक विद्यालय में पढ़ता था।

पढ़ाई - वरदराज का मन पढ़ाई में नहीं लगता था।

निशान - पत्थरों पर गहरे निशान पड़ गए थे।

पत्थर - रस्सी की रगड़ से पत्थर पर निशान बन गए थे।

रस्सी - मुलायम रस्सी कठोर पत्थर पर भी निशान बना सकती है।

परिश्रम - परिश्रम से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

**4. सही मिलान कीजिए-**

| | |
|---|---|
| 1 पतली | जगत 3 |
| 2 पढ़ाई | पानी 4 |
| 3 कुआँ | रस्सी 1 |
| 4 प्यास | उत्साह 5 |
| 5 नए | लिखाई 2 |

## भाषा-बोध

1. 'ई' की मात्रा लगाकर शब्दों को पुनः लिखिए-

निशान - निशानी
परिश्रम - परिश्रमी
मेहनत - मेहनती
प्यास - प्यासी

2. शब्द के जिस रूप से स्त्री अथवा पुरुष जाति का ज्ञान होता है, उसे लिंग कहते हैं।

दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए-

बालक - बालिका
विद्वान - विदुषी
औरत - आदमी
अध्यापक - अध्यापिका

3. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए-

औरत - औरतें
कहावत - कहावतें
कहानी - कहानियाँ
रस्सी - रस्सियाँ

4. संज्ञा-सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए-

(क) उसके साथी अगली कक्षा में चले गए। अगली
(ख) पत्थरों पर गहरे निशान पड़े हुए थे। गहरे
(ग) काफ़ी पत्थर समतल थे। काफी
(घ) कुछ पत्थर बेडौल हो गए थे। कुछ

## पाठ से आगे

1. कभी-कभी अध्यापक/अध्यापिका द्वारा पढ़ाया गया पाठ पूरा समझ नहीं आता, उस समय मैं क्या भाव उठते हैं? अपने भाव लिखिए।
2. आज भी गाँव में जल प्राप्त करने का एक साधन 'कुआँ' है। क्या आपने कुआँ देखा? अपनी कल्पना से कुएँ का चित्र बनाकर उसके बारे में लिखिए।